


## जुबिन नौटियाल ने मौनी रॉय को किस करने से किया इनकार

इस बात में कोई शक नहीं कि मौनी रॉय बॉलिवुड की सबसे स्टनिंग ऐक्ट्रेसेस में से एक हैं। उनके साथ हर ऐक्टर ऑनस्क्रीन रोमांस करना चाहता है लेकिन इस बात में पूरी सच्चाई नहीं है। हाल ही में सिंगर जुबिन नौटियाल ने ऐक्ट्रेस को किस करने से इनकार कर दिया जब वे अपकमिंग म्यूजिक वीडियो की शूटिंग कर रहे थे। जुबिन रोमांस के पार्ट पर ठीक थे लेकिन किसिंग को लेकर अडिग थे कि नहीं करना है। अब इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। नौटियाल और रॉय पहली बार सिंगल दिल गलती कर बैठा है के लिए एकसाथ आए हैं। जुबिन के इस रिऐक्शन के बाद मौनी ने भी कहा कि वह उन्हें किस नहीं करना चाहती हैं। जुबिन इसके तुरंत बाद मौनी के पास गए और कहा कि वह इसे पर्सनली न लें। हालांकि, असल में यह प्रैंक ही था। इस जोक के टार्गेट जुबिन थे और मौनी ने बखूबी अपना रोल प्ले किया। वर्क फ्रंट की बात करें तो मौनी अब अयान मुखर्जी की फिल्म ब्रह्मास्त्र में नजर आएंगी। फिल्म में रणबीर कपूर, आलिया भट्ट, अमिताभ बच्चन, नागार्जुन और डिंपल कपाड़ियां जैसे ऐक्टर्स भी अहम किरदारों में दिखेंगे।

## मुझसे भी बात नहीं करती गोविंदा की फैमिलीः आरती

पिछले काफी दिनों से गोविंदा और उनके भांजे कृष्णा अभिषेक के बीच कुछ भी ठीक नहीं चल रहा है। दोनों के संबंध बेहद खराब दौर से गुजर रहे हैं और एक–दूसरे के खिलाफ काफी बयानबाजी कर चुके हैं। अब इस मामले पर कृष्णा अभिषेक की बहन आरती सिंह ने भी अपनी चुप्पी तोड़ी है। आरती ने कहा है कि कृष्णा के साथ गोविंदा के संबंध खराब होने के बाद उसका असर उनके और गोविंदा के संबंधों पर भी पड़ा है। एक हालिया इंटरव्यू में आरती ने कहा है कि गोविंदा ने कृष्णा के अलावा उनसे भी सारे संबंध खत्म कर लिए हैं। आरती ने कहा कि अब यह गोविंदा पर निर्भर करता है कि वह कृष्णा को माफ करते हैं या नहीं। एक इंटरव्यू में आरती ने कहा, ''कहा जाता है कि गेंहू के साथ घुन भी पिस जाता है। उनके बीच जो भी कुछ हुआ उसका असर मुझ पर भी पड़ रहा है। चीची मामा और उनका परिवार अब मुझसे बात नहीं करता है। दोनों लोगों ने एक–दूसरे के बारे में खूब बोला लेकिन आखिरकार हम परिवार हैं। मैं केवल उम्मीद ही कर सकती हूं कि यह मामला सुलझ जाए और पहले की तरह सबकुछ ठीक हो जाए। मैंने कृष्णा से इस बारे में बात की थी। अब मामा के ऊपर है कि वह उन्हें माफ कर दें।

## कंगना रनौत ने नवाजुद्दीन सिद्दीकी को बताया दुनिया का बेस्ट ऐक्टर



बॉलिवुड ऐक्ट्रेस कंगना रनौत अपनी फिल्मों के अलावा बेबाक बयानों के लिए जानी जाती हैं। कंगना किसी भी मुद्दे पर खुलकर किसी की भी आलोचना कर देती हैं। इसी तरह कंगना तारीफ करने में भी कोई कमी नहीं छोड़ती हैं। अब कंगना रनौत ने दिल खोलकर बॉलिवुड के सबसे बेहतरीन ऐक्टर्स में से एक माने जाने वाले नवाजुद्दीन सिद्दीकी की भी तारीफ की है। कंगना ने नवाज के लिए सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया है। दरअसल हाल में नवाजुद्दीन सिद्दीकी को फिल्म सीरियस मेन को इंटरनैशनल एमी अवॉर्ड में बेस्ट ऐक्टर कैटिगरी में नॉमिनेशन मिला है। इस पर कंगना ने उन्हें बधाई देते हुए एक उनकी एक तस्वीर शेयर की है। इस तस्वीर को शेयर करते हुए कंगना ने लिखा, बधाई हो सर, आप निश्चित तौर पर दुनिया के सबसे बेहतरीन ऐक्टर्स में से एक हैं। एमी अवॉर्ड्स में खुद के नॉमिनेशन की खबर को खुद नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने भी सोशल मीडिया पर शेयर किया था। उन्होंने लिखा, ''वाह, सीरियस मेन के लिए मुझे प्रतिष्ठित इंटरनैशनल एमी अवॉर्ड्स में बेस्ट ऐक्टर कैटिगरी में नॉमिनेट किया गया है।

# शमिता से नजदीकियों से खुश हैं राकेश बापट की एक्स वाइफ

*राकेश बापट और शमिता शेट्टी की नजदीकियां बिग बॉस ओटीटी में खूब चर्चा में रहीं। राकेश बापट ने सोशल मीडिया पर खुलकर अपने प्यार का इजहार किया है। राकेश बापट की एक्स वाइफ रिद्धि डोगरा ने राकेश बापट और शमिता की इस प्यार भरी बॉन्डिंग पर रिऐक्शन दिया और अब राकेश ने भी रिऐक्शन दिया है।*



एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)


रिद्धि ने राकेश और शमिता की क्लोजों बॉन्डिंग पर खुशी जाहिर की है। रिद्धि ने कहा है कि यदि इस रिश्ते से राकेश खुश हैं तो वह भी खुश हैं। टाइम्स ऑफ इंडिया से बातचीत में रिद्धि डोगरा ने कहा, यदि राकेश खुश हैं तो मैं भी खुश हूं। यह उनका निजी मामला है।

रिद्धि ने यह भी कहा, ''राकेश उसी तरह के इंसान हैं जैसे आप उन्हें शो में देख रहे हैं। उनको अगर उस वक्त कोई काम सही नहीं लग रहा है तो वह उस समय वो काम नहीं करेंगे। उन्हें चिल्लाना पसंद नहीं है। चिल्लाने की बजाय वह लोगों से बात करते हैं। रिद्धि ने राकेश और शमिता शेट्टी की नजदीकियों पर पर भी बातें कीं। उन्होंने कहा कि वह राकेश और शमिता के लिए खुश हैं।

राकेश ने कहा था कि वह बिग बॉस ओटीटी में जाने से पहले और निकलने के बाद भी उन्होंने रिद्धि से बात की थी। राकेश के बर्थडे पर रिद्धि ने उन्हें फोन भी किया था। राकेश ने बताया कि रिद्धि को शो में उनकी जर्नी पसंद आई थी।

बिग बॉस ओटीटी के कंटेस्टेंट्स शमिता शेट्टी और राकेश बापट शो से निकल एक–दूसरे के साथ डिनर डेट पर नजर आए। शो में अक्सर एक–दूसरे के साथ नजदीकियों को लेकर चर्चा में रहे ये स्टार्स शो के बाहर भी एक–दूसरे के साथ वक्त बिताते नजर आ रहे हैं। इस मौके पर रेस्ट्रॉन्ट के बाहर दोनों ने कैमरे के सामने कई सारे खूबसूरत पोज दिए। दोनों ने शो में खुलकर एक–दूसरे के लिए प्यार जताया था और उन्होंने इच्छा जताई थी कि शो के बाहर ही वे अपने कनेक्शन को यूं ही कायम रखना चाहते हैं।

राकेश बापट ने अपनी एक्स वाइफ के लिए कहा, अगर मैं किसी के साथ रहूंगा तो वह भी खुश होगी और इसी तरह अगर उसे कोई मिल जाए तो मुझे भी खुशी होगी। हम दोनों मैच्योर हैं और हमने अब तक जो भी फैसले लिए वे हमारे अपने थे। हमने मैच्योर तरीके से डील किया और इससे बाहर भी निकले।





उन्होंने कहा कि उनके और रिद्धि के बीच कुछ भी खराब नहीं है और आज भी दोनों एक–दूसरे को अच्छा दोस्त मानते हैं। इस इंटरव्यू में राकेश ने शमिता के साथ रिलेशन पर भी बात की और कहा कि वह शो के बाहर अब उन्हें अच्छी तरह से जानना चाहते हैं, क्योंकि वह रिऐलिटी शो था जहां आप पूरी तरह से ओपन नहीं हो सकते। बता दें कि बीती रात दोनों डिनर डेट पर भी गए और शिल्पा शेट्टी के रेस्ट्रॉन्ट में साथ खाना खाया। राकेश ने इस मुलाकात के बाद एक खूबसूरत पोस्ट भी सोशल मीडिया पर शेयर किया है, जिसमें वह शमिता का हाथ थामे नजर आ रहे हैं।

बता दें कि बिग बॉस 15 में शमिता कन्फर्म सदस्यों में से एक हैं। शमिता जल्द ही इस शो के अंदर होंगी। शो के पांच कंफर्म प्रतिभागियों में ''बिग बॉस ओटीटी के फाइनलिस्ट रहे ऐक्टर प्रतीक सहजपाल, शमिता शेट्टी, कोरियोग्रफर निशांत भट्ट , उमर रियाज, डोनल बिष्ट ने टीवी स्क्रीन पर भी अपनी जगह पक्की कर ली है। 2 अक्टूबर से शुरू हो रहे शो की थीम इस बार 'जंगल में संकट' है, जहां एक जादुई पेड़ विश्वसुन ट्री के तौर पर ऐक्ट्रेस रेखा की आवाज गूंजेगी।

# नुसरत भरूचा की फिल्म जनहित में जारी की शूटिंग शुरू

*नुसरत भरूचा की अपकमिंग फिल्म जनहित में जारी में जारी की शूटिंग शुरू हो गई है। इसके लिए भानुशाली स्टूडियो लिमिटेड ने फिल्ममेकर राज शांडिल्य के साथ हाथ मिलाया है। फिल्म में अन्नू कपूर, अनुद सिंह ढाका और पारितोष त्रिपाठी जैसे ऐक्टर्स भी नजर आएंगे। जनहित में जारी एक असामान्य लेकिन प्रासंगिक और कॉमिडी फिल्म है। हाल ही में फिल्म की शूटिंग मध्य प्रदेश के चंदेरी में शुरू हुई। बताया जा रहा है कि यह फिल्म अपने सब्जेक्ट के जरिए पुरानी परंपराओं को तोड़ने की कोशिश करेगी।*



**नुसरत का अलग अवतार**

फिल्म में नुसरत बिल्कुल अलग अवतार में नजर आएंगी। ऐसा रोल उन्होंने पहले नहीं किया है। अपने किरदार के बारे में ऐक्ट्रेस कहती हैं, जनहित में जारी एक बेहद दिलचस्प कॉन्सेप्ट है। जैसे ही मैंने स्क्रिप्ट सुनी, तुरंत फिल्म का हिस्सा बनने का फैसला कर लिया। ड्रीम गर्ल के बाद एक बार फिर राज शांडिल्य के साथ फिल्म करना एक बेहतरीन एहसास है।

**अलग तरह की कहानियों का प्रशंसक**

वहीं, अपने दूसरे प्रॉडक्शन के बारे में प्रड्यूसर विनोद भानुशाली कहते हैं, मैं हमेशा ऐसी अच्छी कहानियों का प्रशंसक रहा हूं जो आपको सोचने पर मजबूर करती है। जनहित में जारी बिल्कुल ऐसी ही है। राज की कहानी मनोरंजक होती है और अच्छा संदेश भी देती है। नुसरत इस फिल्म के साथ अपनी एक अलग पहचान बनाने और दर्शकों को आश्चर्यचकित करने जा रही हैं।

**शहरी दर्शकों को भी पसंद आएगी फिल्म**

राज शांडिल्य ने कहा, यह देखते हुए कि भारत का ज्यादातर हिस्सा छोटे शहरों और गांवों में रहता है, एक फिल्ममेकर के रूप में मेरी कोशिश उनकी कहानियों को मुख्यधारा में लाना है। जनहित में जारी न केवल कुछ सामाजिक और प्रासंगिक मुद्दों को संबोधित करती है बल्कि कुछ ऐसी चीजों पर भी जोर देती है जिन पर हमें विचार करने की जरूरत है। मुझे यकीन है कि यह विषय शहरी दर्शकों को भी पसंद आएगा। नुसरत एक बेहतरीन अभिनेत्री हैं और ड्रीम गर्ल के बाद मैं इस फिल्म के लिए उनके अलावा किसी और के बारे में सोच भी नहीं सकता था।